समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# दिल्ली-हैदराबाद मैच बारिश की वजह से हुआ रद्द, कितनी बदली पॉइंट्स टेबल ? जानिए पूरा अपडेट।

Publisher

Published on 06 May 2025




**दिल्ली और हैदराबाद के बीच मैच बारिश की वजह से धुल गया है. इस मैच को रद्द होने के बाद आईपीएल पॉइंट्स टेबल मे क्या कुछ बदलाव हुआ है, यहां पूरा अपडेट जानिए.**

दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच चल रहा मुकाबला बारिश की वजह से रद्द हो गया है. इस मैच के बारिश में धुलने के कारण दोनों टीमों को 1-1 पॉइंट मिला है. मैच के इस परिणाम के बाद पॉइंट्स टेबल में क्या कुछ बदलाव हुआ है और कौन-कौन सी टीम प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है, आइए जानते हैं.

दिल्ली-हैदराबाद मैच के बाद कितनी बदली पॉइंट्स टेबल ?
दिल्ली-हैदराबाद मैच के बाद प्लेऑफ की रेस में बैठी चार टीमों पर कोई असर नहीं पड़ा है. आईपीएल पॉइंट्स टेबल में टॉप 4 की लिस्ट में RCB, PBKS, MI और GT शामिल हैं. दिल्ली इस मैच के रद्द होने की वजह से टॉप 4 में जगह नहीं बना पाई. अगर आज का मुकाबला दिल्ली बड़े अंतर से जीत जाती, तब टॉप 4 में आने की संभावना थी.

दिल्ली-हैदराबाद मैच से पहले DC पहले भी पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर थी और मैच के बाद भी 5वें नंबर पर ही बनी हुई है. 11 मैच में दिल्ली कैपिटल्स के 13 अंक हो गए हैं. वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स 11 अंकों के साथ 6वें नंबर पर है और लखनऊ की टीम 10 अंकों के साथ 7वें नंबर पर बनी हुई है.

प्लेऑफ से बाहर हुई ये टीम
चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स हैदराबाद भी प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है. अगर हैदराबाद आज का मैच जीत जाती, तब इस टीम के 8 अंक हो जाते. वहीं बाकी बचे तीन के तीन मैच जीतने के बाद SRH के प्लेऑफ के पहुंचने

के चांस बने रहते. लेकिन इस मैच के ड्रॉ होने से पैट कमिंस की टीम को एक ही पॉइंट मिला है, जिससे SRH के पॉइंट्स टेबल में 7 अंक हो गए हैं. अब अगले तीन मैच जीतने के बाद भी हैदराबाद के 13 ही अंक होंगे. इसका मतलब है कि SRH प्लेऑफ से बाहर हो गई है. हालांकि टीम 1 अंक मिलने से पॉइंट्स टेबल में 9वें से 8वें स्थान पर आ गई है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.